**अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक– 26.08.2020 को विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त की समीक्षात्मक बैठक में दिये गए निदेश।**

दिनांक–26.08.2020 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त की समीक्षात्मक बैठक में निम्नांकित निदेश दिए गए।

1. **नव नियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की शिविर संबद्धता :–** बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि 90 प्रतिशत कर्मियों की शिविर संबद्धता का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं शेष कार्य दिनांक–27.08.2020 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

**अनुपालनः–** सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एंव परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना।

2. **नव नियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के कार्य एवं लक्ष्य निर्धारण एवं एम0आई0एस0 के माध्यम से कार्यो का अनुश्रवण :–** प्रतिवेदित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो एवं अमीन के कार्य एवं लक्ष्य का निर्धारण कर दिया गया है एवं इस संबंध में जिलों को निदेशालय पत्रांक–10555 दिनांक–24.08.2020 द्वारा सूचित कर दिया गया है। निदेश दिया गया कि नव नियोजित कर्मियों द्वारा किये जाने वाले कार्यो का M.I.S के माध्यम से अनुश्रवण दिनांक–31.08.2020 से प्रारंभ कर अगली बैठक में समीक्षा हेतु उपस्थापित किया जाए।

**अनुपालनः–** प्रभारी तकनीकी कोषांग एवं सुश्री सुरभी सिंह, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय।

3. **भू–मानचित्र सॉफ्टवेयर के संबंध में :–** प्रतिवेदित किया कि सॉफ्टवेयर के प्रचार–प्रसार के संबंध में प्रारूप तैयार कर लिया गया है एवं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। एन0आई0सी द्वारा एनालिटिक्स के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया गया है। निदेश दिया गया कि इस संबंध में शेष कार्रवाई को यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाय।

**अनुपालनः–** सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एंव परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना।

4. **HRMS (Human Resource Management Systems) का अद्यतीकरण :–** निदेश दिया गया कि पूर्व में दिये गए निदेश के अनुसार निर्धारित समय सीमा 31.08.2020 तक इस कार्य को निश्चित रूप से पूर्ण कर लिया जाए।

**अनुपालनः–**सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय।

5. **विशेष सर्वेक्षण के लिए आवश्यक प्रपत्रों की छपाई के संबंध में :–** बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि पूर्व में दिये गए निदेश के अनुसार वित्त विभाग, बिहार, पटना को अर्द्धशासकीय पत्र भेजने के लिए प्रारूप तैयार कर उपस्थापित कर दिया गया है। निदेश दिया गया कि उपनिदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग को निदेशित किया जाए कि प्रथम चरण के 20 जिलों को आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध प्रपत्रों में से समानुपातिक रूप से उपलब्ध कराने की कार्रवाई एक सप्ताह के अंदर पूर्ण किया जाए। साथ ही यह भी निदेशित किया गया कि उपनिदेशक, गुलजारबाग आवश्यकतानुसार उन जिलों के अपर समाहर्त्ता से दूरभाष पर संपर्क स्थापित कर इसे सुनिश्चित करायेंगे।

**अनुपालनः–** सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय एवं उपनिदेशक, गुलजारबाग।

6. **भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर के संबंध में :–** निदेश दिया गया कि भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर अंतर्गत Textual and Spatial Data Integration एवं दाखिल खारिज की प्रक्रिया को मानचित्र एवं भू–अभिलेख के साथ संबद्ध करने के लिए एन0आई0सी0 के स्तर से कार्य त्वरित गति से नहीं किया जा रहा है, अतः इस कार्य में प्रगति के लिए एवं इस संबंध में बनायी गई प्रारंभिक योजना को यथा शीघ्र उपस्थापित करने हेतु तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0 पटना को निदेशित किया जाए।

**अनुपालनः**–सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय एवं श्री संजय कुमार तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, पटना।

7. **विशेष सर्वेक्षण में HRSI तकनीक द्वारा मानचित्र निर्माण की समीक्षा :–** बैठक में विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त प्रक्रिया में राज्य के छुटे हुए स्थानों में हवाई फोटोग्राफी के स्थान पर HRSI तकनीक द्वारा मानचित्र निर्माण के कार्य की समीक्षा की गई। निदेश दिया गया कि इस संबंध में जिस हवाई सर्वेक्षण एजेंसी को यह कार्य आवंटित किया गया है, उसकी समीक्षा करते हुए कृत कार्रवाई से अगली बैठक में अवगत कराया जाय।

**अनुपालनः**– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय एवं जी0आई0एस0 सलाहकार।

8. **बेगूसराय, सुपौल एवं शेखपुरा में पूर्व से चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यों में किश्तवार का कार्य** :– निदेश दिया गया कि जिन तीन अंचलों बेगूसराय सदर, घाटकुशुम्भा एवं पीपरा अंचल में विशेष सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा था, उसमें अद्यतन कार्य के संबंध में प्रतिवेन प्राप्त किया जाए एवं अविलंब नवनियोजित कर्मियों के माध्यम से उन अंचलों में कार्य में त्वरित प्रगति लाया जाए। निदेशित किया गया कि इस संबंध में संबंधित जिलों के प्रभारी पदाधिकारी, बंदोबस्त को अविलंब कार्य में प्रगति सुनिश्चित कराने हेतु निदेशित किया जाए।

**अनुपालनः**–प्रभारी पदाधिकारी, बंदोबस्त बेगूसराय, शेखपुरा एवं सुपौल, तकनीकी कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय।

9. **विशेष सर्वेक्षण कार्य के लिए विशेष सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा मानचित्र आपूर्ति के संबंध में :–** निदेश दिया गया कि प्रथम चरण में जिन शिविरों में कार्य प्रारंभ किया जाना है वहां हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा मानचित्र आपूर्ति की समीक्षा कर ली जाए। एजेंसियों द्वारा कतिपय जिलों का मानचित्र बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग में भंडारित किया गया है,। उन मानचित्रों का उठाव संबंधित जिले के द्वारा कर ली जाए इस कार्य को संपन्न करने की कार्रवाई एजेंसी, जी0आई0एस0 सलाहकार, उपनिदेशक, गुलजारबाग एवं संबंधित जिलों के प्रभारी पभारी पदाधिकारी, बंदोबस्त के स्तर से की जाएगी। साथ ही यह भी निदेशित किया गया कि भविष्य में एजेंसियों द्वारा मानचित्र संबंधित जिलों को ही उपलब्ध कराया जाएगा। अगली बैठक में इस कार्य के संबंध में प्रगति प्रतिवेदन उपस्थापित किया जाए।

हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को आपूर्ति किये जाने वाले मानचित्रों में नंबरिंग संबंधी पूर्व में दिये गए निदेश की समीक्षा कर लेने का निदेश दिया गया।

**अनुपालनः**– प्रभारी तकनीकी कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय।

10. **जी0सी0एन0 सॉफ्टवेयर** :– प्रतिवेदित किया गया कि जी0सी0एन0 सॉफ्टवेयर में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा डाटा इन्ट्री का कार्य शुरू कर दिया गया है। आई0एल0 एण्ड एफ0एस0 एजेंसी द्वारा प्रतिवेदन भी समर्पित किया गया है। निदेश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर में पूर्ण कर लिया जाय।

**अनुपालनः–** सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय एवं जी0आई0एस0 सलाहकार।

11. **ऑन लाईन प्रशिक्षण में अनुपस्थित नवनियोजित कर्मियों की जांच परीक्षा** :– निदेश दिया गया कि निदेशालय स्तर से उन नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों चिन्हित किया जाए जो निदेशालय द्वारा पूर्व में दिए गए ऑन लाईन प्रशिक्षण में अनुपस्थित थे और उनके द्वारा वर्त्तमान में योगदान दिया गया है। ऐसे चिन्हित नवनियोजित कर्मियों की जांच परीक्षा के आयोजन हेतु निदेश दिया गया।

**अनुपालनः–** सुश्री सुरभी सिंह, आई0टी0 सेल एवं प्रशिक्षण कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय।

ह0/–
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः – 17–वि0सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84/2019.............................. **पटना, दिनांक** :–..............

**प्रतिलिपिः–** अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी बंदोबस्त, नालंदा, मुंगेर, लखीसराय, बेगूसराय, सुपौल, किशनगंज, खगड़िया, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णियाँ, कटिहार, शिवहर, बांका, अरवल, जमुई, जहानाबाद, सीतामढ़ी, पश्चिमी चंपारण, अररिया एवं शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–वि0सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84/2019.....10615..... **पटना, दिनांक** :–28-08-2020

**प्रतिलिपिः–** सहायक निदेशक/तकनीकी कोषांग/जी0आई0एस0 सलाहकार/सुश्री सुरभी सिंह, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को निदेशालय के वेबसाइट पर अपलोड करने तथा सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
28/8/20